


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 127 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 19 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया

# 48 स्कूलों की मान्यता हो सकती है समाप्त..!

## एक अप्रैल से सैकड़ों बच्चों को ढूंढना होगा नया स्कूल, 610 में से 562 ने ही किया मान्यता के लिए आवेदन

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। स्कूली मान्यता के लिए तैयार किए गए नए मापदंडों के बाद कई स्कूलों की मान्यता पर संकट के बादल छाए हुए है। अनेक स्कूल संचालको द्वारा आवेदन तो जरुर कर दिए गए है। लेकिन, इसके बाद भी निरीक्षण के दौरान मापदंड पर खरे नहीं उतरे तो मान्यता का आवेदन निरस्त हो सकता है। हालांकि, नए मापदंडों का विरोध भी किया जा रहा है। कोर्ट की शरण भी ली गई है। लेकिन, मंदसौर जिले की बात करें तो ही फिलहाल 48 ऐसे स्कूल है, जिन्होंने मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया है। एक अप्रैल से इन स्कूलों के बंद होने की आशंका है।**

जिले के 48 प्राइवेट स्कूल एक अप्रैल से बंद हो सकते हैं। वजह इन स्कूलों ने मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है। मान्यता नवीनीकरण की आखिरी तारीख 14 फरवरी थी लेकिन, स्कूल संचालकों ने आवेदन नहीं किया। इससे अब ये स्कूल 31 मार्च के बाद संचालित नहीं हो सकेंगे। जिले में 655 में से 610 स्कूलों की मान्यता का नवीनीकरण होना है, इनमें से 562 स्कूलों ने ही मान्यता नवीनीकरण के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन लॉक किए हैं। शेष स्कूलों ने आवेदन ही नहीं किए हैं। वर्ष 2025-26 से इनकी मान्यता का नवीनीकरण होना है। इन स्कूलों में हजारों बच्चे पढ़ते हैं। इससे इन बच्चों का भविष्य अधर में है। ऐसे स्कूलों को लेकर यदि सरकार ने कोई फैसला नहीं लिया तो यहां पढने वाले बच्चों को अन्य स्कूलों में दाखिला लेना पड़ेगा। वहीं इन स्कूलों में आरटीई में भी बच्चे पढ़ते हैं। इससे उनकी दिक्कतें भी बढ़ जाएंगी।

### स्कूल संचालक पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, लगाई याचिका...

सरकार के के नए नियमों के खिलाफ प्राइवेट स्कूल संचालकों ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। मप्र प्रांतीय अशासकीय शिक्षण संस्था संघ पदाधिकारियों ने बताया कि मान्यता नवीनीकरण के लिए रजिस्टर्ड किरायानामा जरूरी कर दिया है। 10 लाख रुपए तक 1 फीसदी स्टाम्प ड्यूटी और 0.75 फीसदी पंजीयन शुल्क लगता है। वहीं इस बार मान्यता नवीनीकरण के लिए एफडी भी जरूरी की है। 500 से कम बच्चों वाले स्कूलों को 30 हजार रुपए और इससे अधिक वालों को 40 हजार रुपए की एफडी देनी है। वहीं 4 हजार रुपए प्रति साल के हिसाब से मान्यता शुल्क भी जरूरी किया गया है। तीन साल के लिए मान्यता जारी होती है। इससे हर स्कूल को 12 हजार रुपए भी जमा कराना है। इसका हम लगातार विरोध कर रहे हैं। सरकार हमारी नहीं सुन रही है। हमने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है।



### इनका कहना...

विलंब शुल्क की अंतिम तारीख 14 फरवरी थी। सर्वर में दो दिनों से दिक्कत के चलते पोर्टल खुला था। कुल मिलाकर 562 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन लॉक किए है।

**भगवतीलाल शर्मा**
**मान्यता प्रभारी, जिला शिक्षा विभाग मंदसौर**



# कलेक्टोरेट में लौटन की मजबूरी..!

## इस बार महिला ने लगाई लौटकर न्याय की गुहार, तहसील मुख्यालयों पर नहीं हो रही सुनवाई

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के राजस्व अनुभाग एवं तहसील मुख्यालयों पर लोगों के काम नहीं हो रहे हैं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें लोगों को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई की शरण लेना पड़ रही है। लोग इतने परेशान हो चुके हैं कि अपनी आवाज पहुंचाने के लिए कलेक्टोरेट में लौटन यात्रा सहित ध्यानाकर्षण के लिए नए-नए जतन तक कर रहे है। मंगलवार को एक बार फिर ऐसी ही कहानी को दाहराया गया। इस बार गरोठ क्षेत्र के एक मामले में महिला ने जिला मुख्यालय पर कलेक्टोरेट में जनसुनवाई के दौरान लौट लगाई। हालांकि इसके बाद अधिकारी हरकत में आए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोका और जनसुनवाई में लेकर गए। इसके बाद एडीएम ने उनकी समस्या सुनी और समाधान का आश्वासन दिया।

दरअसल सीतामऊ तहसील के धाकड़ पिपलिया की रहने वाली पूजा धाकड़ ने गरोठ तहसील के साठखेड़ा में एक मकान खरीदा था। उन्होंने शांतिबाई से 18 लाख रुपए में ये मकान लिया और इसकी रजिस्ट्री व नामांतरण भी कराया। हाल ही में हुए ड्रोन सर्वे के दौरान पूजा मौके पर नहीं थी। सर्वे टीम ने मकान को पुराने मालिक शांतिबाई के नाम से दर्ज कर दिया।

### दो महीने से चक्कर काट रही थी महिला...

इस त्रुटि को सुधारने के लिए पूजा पिछले दो महीनों से तहसीलदार, एसडीएम और पटवारी के चक्कर काट रही थी। कोई सुनवाई न होने पर उन्होंने जनसुनवाई में लौट लगाकर अपनी समस्या रखी।

### एडीएम ने दिया 15 दिनों में समाधान का आश्वासन...

एडीएम श्रीमती एकता जायसवाल ने महिला की रजिस्ट्री और दस्तावेजों की जांच के बाद बताया कि स्वामित्व योजना के तहत हुए ड्रोन सर्वे में ये मकान छूट गया था। एडीएम ने आश्वासन दिया कि एसडीएम की अपील पर 15 दिनों में ये त्रुटि सुधार दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2 लाख भूखंडों की मैपिंग में कुछ त्रुटियां हो सकती हैं, जिनके समाधान के लिए वे तत्पर हैं।

# मौसम बिगाड़ रहा सेहत

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुबह और रात में अभी भी सर्दी का असर महसूस किया जा रहा है। दिन में तीखी धूप गर्मी का अहसास करा रही है। समय से पहले फरवरी के महीने में मौसम का संक्रमण काल लोगों को बीमार कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग सर्दी, जुकाम, गले में खराश, टॉन्सिल बढ़ने, सर्द-गरम, हाथ-पैर में दर्द, वायरल बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। बच्चे, युवा, बुजुर्ग हर उम्र के लोग बीमार हो रहे हैं। बड़े अस्पताल, मेडिकल अस्पताल, आयुर्वेद अस्पताल से लेकर संजीवनी क्लीनिक व अन्य अस्पताल, क्लीनिक में लगातार मरीज पहुंच रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार सामान्यत: ये स्थिति मार्च के पहले या दूसरे सप्ताह में बनती है।



चिकित्सकों का कहना है कि फिलहाल मौसम ऋतु परिवर्तन के स्टेज में है। ऐसे में सेहत को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। जैसे सुबह ये सोचकर की गर्मी का मौसम आ गया है, सीधे ठंडी हवा के संपर्क में जाएं, बल्कि हल्के गरम कपड़े अवश्य पहनें। इसके साथ ही ज्यादा ठंडे, शीतल पेय के सेवन से बचें। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों के खान-पान को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतें।

**ठीक होने में लग रहे 4–5 दिन**–वायरल बुखार से पीड़ित होने पर बदन दर्द लोगों को पीड़ित कर रहा है। कई केस में तेज बुखार लोगों को परेशान कर रहा है। बुखार ठीक होने में 4-5 दिन का समय लग ला रहा है। विशेषकर खांसी कई दिन तक ठीक नहीं हो रही है और लोगों का खांस-खांसकर बुरा हाल हो रहा है। ऐसे में चिकित्सक कफ सीरप के साथ ही दिन में 2-3 बार तक भाप लेने की भी सलाह दे रहे हैं।

# बागरी समाज की दिव्यांग बालिका को पढ़ने से रोका, समाज के ही दबंगों ने धमकाया

## ✻ बालिका के मां-पिता की पिटाई की ✻ आरोप- नारायणगढ़ पुलिस ने समय पर नहीं की कठोर कार्यवाही

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम दोरवाड़ा की बागरी समाज की एक दिव्यांग बालिका पढ़ने में अच्छी होने से लगातार आगे बढ़ रही थी। लेकिन, समाज के लोगो को इससे आपत्ति थी। उनका मानना है कि हमारे समाज में यदि कोई बालिका इतना पढ़ लेगी तो ठीक नहीं रहेगा? यही कारण है कि कॉलेज नहीं जाने देने को लेकर बालिका की मां का पैर तोड़ दिया, पिता का सर कुल्हाड़ी से फाड़ दिया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि नारायणगढ़ थाना पुलिस ने समय पर कार्यवाही नहीं की। जिससे यह स्थिति बनी।

मल्हारगढ़ तहसील के गांव दोरवाड़ा की दिव्यांग बालिका आशा बागरी पढ़ने के लिए कॉलेज जाती है। उसके कॉलेज पढ़ने को लेकर दौरवाड़ा के युवकों द्वारा उसे रोका जाने लगा, रास्ते मे बाइक से छेड़ना, उसके रास्ते को रोकना, उसे अप शब्द कहना, उसको उसकी दिव्यांगता के चलते ताने देना आदि कर्म करने लगे। जब बालिका इनकी हरकतो से हार गयी तों उसने कॉलेज जाना छोड़ दिया। जब माता- पिता ने पूछा तो बालिका ने कहा कि बागरी समाज की होने के कारण मुझे गांव के अपने ही समाज के कुछ लोग नहीं चाहते और छेड़ते है। इस बात पर आशा बागरी की माता श्रीमती मंजू बाई ओर पति रमेश पिता वरदीचंद बागरी दौरवाड़ा के ही निवासी रणजीत पिता मदनलाल बागरी, जीवन पिता मदनलाल बागरी, भगत पिता प्रकाश और शिवलाल पिता प्रकाश के घर अपनी बेटी की व्यथा को लेकर बात करने गए तों आरोपी पक्ष बहस करने लगा। गंदी-गंदी गालिया दी और चारो ने मिलकर आशा की मां मंजू बाई पैर तोड़ दिया। पिता रमेश पिता वर्दीचंद के सर मे गंभीर चोट आई वे बड़े अस्पताल में भर्ती है। वहीं माता के इलाज मे बड़े अस्पताल के डॉक्टरो ने असमर्थता जताई तो मेवाड़ हॉस्पिटल मे उसका ऑपरेशन किया गया।

आश्चर्य की बात यह है कि पूरे मामले मे नारायणगढ़ पुलिस बेखबर रही। उल्टा फरियादिय पक्ष को परेशान किया जा रहा है। जो लोग पीड़ितो को अस्पताल ले गए, उन्हें भी बयान देने के नाम पर थाने बुलाकर परेशान किया जा रहा है। इतना ही नहीं नारायणगढ़ थाना पुलिस की निष्क्रियता के चलते बालिका आशा और उसके माता- पिता पर हमले के बाद आशा के दादा जी वर्दीचंद पिता कारुलाल के ऊपर भी इन्ही चारो ने पत्थरो से हमला किया। यही नहीं पीड़ित पक्ष को डराने के लिए बड़े अस्पताल ओर मेवाड़ हॉस्पिटल के आस पास भी घूम रहे है। इससे पीड़ित परिवार दहशत मे है। मामले में नारायणगढ़ थाना पुलिस ने पीड़िता मंजूबाई की शिकायत पर बीएनएस की धारा 296, 126 (2), 115 (2), 351 (3), 3 (5) अर्थात भादंसं की धारा 341, 294, 323, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। यह सभी धाराएं बहुत मामूली धाराएं मानी जाती है। जबकि, महिला का पैर टूटा है। उसके पति के सिर में गंभीर चोट है। मामले की विवेचना प्रधान आरक्षक विजय रामावत कर रहे है।



### इनका कहना...

दोनो परिवारो का आपसी विवाद है। बालिका की पढ़ाई के मामले की जानकारी नहीं है। दिव्यांग बालिका के पिता पर भी लड़ाई झगड़े कई मामले पूर्व में दर्ज है। मंजूबाई की शिकायत पर चार लोगो के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया है। इसमें मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने पर हड्डी टूटने की धारा का ईजाफा किया जाएगा।

**नरेन्द्र सौलंकी, एसडीओपी मल्हारगढ़**

# शादी के चार दिन पहले युवती ने फांसी लगाई

**नीमच, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के कराड़िया महाराज गांव में एक युवती ने अपनी शादी से 04 दिन पहले सुसाइड कर लिया। प्रमिला उर्फ टीना कुंवर उम्र 20 वर्ष ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार ने होने वाले दामाद पर दहेज की मांग का आरोप लगाया है। घटना सोमवार की शाम की है।

घर में शादी की तैयारियां चल रही थी और मेहमान भी आए हुए थे। प्रमिला की शादी 22 फरवरी को राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी तहसील के धामनियां गांव निवासी लोकेंद्र सिंह से होनी थी। शाम को जब परिवार के सदस्य गांव में खाना खाने जाने की तैयारी कर रहे थे, प्रमिला अपने कमरे में तैयार होने गई। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर जब परिजनों ने कमरे में देखा, तो वह फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

राजपूत महासभा तहसील अध्यक्ष सामंत सिंह चौहान ने बताया कि लोकेंद्र नामक युवक से 22 फरवरी को युवती प्रमिला की शादी होनी थी। युवक दहेज के लिए दबाव बना रहा था। उससे सोने की चेन, नारियल आदि दहेज की मांग की जा रही थी। इससे वह तनाव में थी और दबाव के चलते इस तरह का अनुचित कदम उठाया। तीनों भाई बहनों की एक साथ शादी होनी थी। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। मंगलवार को बड़े अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनो के सुपूर्द किया गया है। जीरन थाना प्रभारी बीएल भाभर ने बताया कि मृतका के परिजनों का आरोप है कि युवक दहेज की मांग कर रहा था। इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल मामले की जांच होने के बाद ही कारण स्पष्ट होंगे।

# एट लेन एक्सप्रेस वे पर फिर पलटी यात्री बस, 32 घायल, 11 गंभीर

## प्रयागराज में कुंभ स्नान कर लौट रहे थे गुजरात, सुबह चार बजे हुई दुर्घटना

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रयागराज से गुजरात के बड़ौदा लौट रही बस दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर हादसे का शिकार हो गई। गरोठ में मंगलवार सुबह 4बजे यात्री बस दिल्ली-मुंबई 8 लेन हाईवे पर हरिपुरा गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 32 यात्री घायल हो गए। जिसमें से 11 गंभीर घायल है। बस गरोठ से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर पहुंची थी, तभी हरिपुरा गाव के यहां हादसा हुआ।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को गरोठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों की टीम घायलों का इलाज कर रही है। स्थानीय शामगढ पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचकर हादसे के कारणों की जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस प्रयागराज से बड़ौदा की नियमित यात्रा पर थी। पुलिस बस चालक से पूछताछ कर हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

गरोठ एसडीएम चंदर सिंह सोलंकी ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली शामगढ़ का पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा और यात्रियों को गरोठ अस्पताल लाया गया, जहां उचित उपचार की व्यवस्थाएं की गई। घटना के बाद मैं स्वयं चिकित्सालय पहुंच और उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गरोठ हॉस्पिटल इंचार्ज किशोर सिंह परिहार बताते हैं कि घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल के स्टाफ को सूचित किया गया। सुबह 5:30 बजे घायल यात्रियों को चिकित्सालय लाया गया जहां से 11 गंभीर घायलों को मंदसौर के बड़े अस्पताल रेफर किया गया है। 17 व्यक्तियों को मामूली चोटें थी, जिन्हें उपचार कर छुट्टी कर दी गई है।

### यह हुए घायल...

हादसे में घायल सभी यात्री गुजरात के बडौद़ा के थे। इसमें जया पति विष्णु पटेल 45 वर्ष, रमेश चंद्र पटेल पिता देसाई भाई पटेल 65 वर्ष, दिलीप भाई पिता केसर भाई पटेल 65 वर्ष, हंसा बेन पति श्याम भाई पटेल 68 वर्ष, इंदिरा बेन पति भाई पटेल 68 वर्ष, रूपल बेन पति रमेश भाई पटेल 50 वर्ष, किरीट पिता अन्नू भाई उम्र 31 वर्ष, शांतिलाल पिता पुष्पा भाई बुनकर 50 वर्ष, लक्ष्मण सिंह पिता हाजा भाई बुनकर 50 वर्ष, रतन सिंह पिता दिशा सिंह बुनकर 78 वर्ष, सोहन पिता रमेश भाई पटेल उम्र 18 वर्ष, रूपल पटेल पति राजेश भाई उम्र 48 वर्ष, लक्ष्मण सिंह पिता तंवर सिंह 69 वर्ष, दामिनी पति महेंद्र पटेल 50 वर्ष, इंदिरा बेन पति कांताबाई पटेल 65 वर्ष, शारदा बेन पति लक्ष्मण सिंह 60 वर्ष, शांतिलाल पिता मानाभाई बुनकर 62 वर्ष, कल्पेश पिता जयराम भाई पटेल 53 वर्ष, शिल्पा बेन पति कल्पेश पटेल 50 वर्ष, महेंद्र भाई उम्र 62 वर्ष, महेंद्र पिता विमल भाई पटेल 52 वर्ष, यश कुमार पिता रमेश चंद्र शाह 60 वर्ष, भाता भाई पति गंगा भाई बुनकर 60 वर्ष, जयेश कुमार पिता रमेश चंद्र उम्र 60 वर्ष, हामिद भाई पिता मोहम्मद भाई 60 वर्ष, रतन भाई पिता वीरभाई बुनकर उम्र 60 वर्ष, चंदू भाई पिता भगवान दास पटेल 66 वर्ष, भारत भाई पिता रमन भाई पटेल 55 वर्ष, लक्ष्मी बाई पति अशोक भाई शाह 40 वर्ष, हंसाबेन पति हाजाराम भाई पटेल 68 वर्ष, सुमित्रा बेन पति पुरुषोत्तम भाई पटेल 55 वर्ष, अमीषा बेन पति अनिल पटेल 38 वर्ष शामिल है।

# ब्लड बैंक, दवा दुकान के लिए एक ही पोर्टल से मिलेगा लाइसेंस

**भोपाल, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** ब्लड बैंक और दवा दुकान के लाइसेंस के लिए अब पूरे देश में एक ही पोर्टल से आवेदन लिया जाएगा। पोर्टल को केंद्रीय परिवार व कल्याण विभाग ने तैयार किया है। इसका नाम ऑनलाइन ड्रग लाइसेंस सिस्टम है। नए पोर्टल के बारे में जानकारी देने के लिए इससे जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए जरूरी प्रशिक्षण पूरा हो गया है। प्रशिक्षण के बाद अब जिले में जब-जब दवा दुकानों के लाइसेंस की समय-सीमा समाप्त होगी, उनको ऑनलाइन आवेदन करने के बारे में बता दिया जाएगा।

### होम्योपैथी के लाइसेंस भी अब ऑनलाइन देंगे...

अंग्रेजी दवा दुकानों के अलावा होम्योपैथी की दवाओं के लाइसेंस भी अब ऑनलाइन पोर्टल से मिलेंगे। अब तक जिला स्तर से होम्योपैथी के लिए लाइसेंस देते थे, अब इसको ऑनलाइन ही दिया जा सकेगा। इसके लिए आवेदन आयुष विभाग में आवेदन लगेगा व वहीं से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा।

अब पूरे देश में ऑनलाइन केंद्रीकृत आवेदन ही लिए जाएंगे। ब्लड बैंक के लिए केंद्र सरकार की... **शेष पेज 4 पर**

# घायलों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही 108 सुविधा

## यात्री बस के घायलों को आपातकालीन सुविधा प्रदान की

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार सुबह 04 बजे मंदसौर जिले के शामगढ़ तहसील के गांव कुरावन के पास बड़ा हादसा हो गया। 8 लाइन पर प्रयागराज कुंभ से लौट रही यात्री बस खाई में पलटी खा गई, जिसकी सूचना 108 हेड ऑफिस भोपाल से 108 चंदवासा पुलिस चौकी लोकेशन को मिली। सूचना मिलते ही 108 में पदस्थ ईएमटी पीरूलाल मकवाना एवं पायलट रणजीत सिंह ने एम्बुलेंस को तुरंत घटना स्थल की और रवाना किया। चंदवासा से निकली एंबुलेंस मात्र गरोठ से होकर कुरावन 8 लाइन पर 30 मिनट में पहुंच कर घायलों को आपातकालीन सुविधा प्रदान की एवं घायलों को एम्बुलेंस की मदद से गरोठ सिविल अस्पताल में उपचार करवाया।



तत्पश्चात 108 द्वारा ही घायलों को गरोठ से रेफर होने पर बड़े अस्पताल लाकर भर्ती करवाया गया।

ऐसे कई प्रकार की आपातकालीन दुर्घटनाओं में प्रशासन द्वारा चलाई जाने वाली 108 सुविधा लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है। इस दुर्घटना में घायलों की मदद में पुलिस प्रशासन, 8 लाइन स्टाफ का विशेष योगदान रहा एवं 108 जिलाधिकारी नीलेश चौहान एवं सीनियर ईएमटी विपिन डांगी वीरजी भी ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए किसी भी समय इन दुर्घटनाओं में कॉल द्वारा या घटना स्थल पर पहुंच कर मार्गदर्शित करके और घायलों को जल्दी सुविधा मिल सके एवम् जल्दी से जल्दी उनका उपचार हो सके, इसके लिए पूरा प्रयत्न करते हैं। ऑफ ड्यूटी होने पर भी इस दुर्घटना में चंदवासा ईएमटी मुकेश कालरा द्वारा भी अपने कर्तव्य का निर्वहन करके जिले में अपने सीनियर एवं जिला अधिकारी को देकर सराहनीय कार्य किया, जो काबिले तारीफ है।

# भाजपा स्वतंत्र संगठन बनने की तैयारी में तो कांग्रेस बेकाबू नेताओं पर अंकुश लगाने की तैयारी में...

**मंदसौर/उज्जैन, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** लोक सभा चुनाव के पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा का वह बयान, जिसमें उन्होंने स्पष्ट कर दिया था कि अब भाजपा को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहारे की जरूरत नहीं है। भाजपा सहित देश के राजनीतिकों को संदेश दे डाला था कि भाजपा को अब किसी भी तरह के सहारे की किसी भी कार्य के लिए किसी की जरूरत नहीं पड़ेगी। भाजपा को ही छोड़ अन्य राजनीतिक दलों के लिए यह मात्र सूचनात्मक खबर थी। भाजपाइयों में ही यह बहुत ही महत्वपूर्ण सूचना के साथ भाजपा के वर्तमान नेतृत्व में नई योजनाबद्ध संरचना की तैयारी का ऐलान था। जब नड्डा का यह बयान सार्वजनिक हुआ था, तब का समय भी घोषणा काल के लिए अनुकूलता लिए हुए था। आज भी भाजपा संगठन था लोकसभा चुनाव के पहले जैसा था, वैसा ही है। आम राजनीतिकों को लगा था कि आरएसएस से कोई कड़ी प्रतिक्रिया आएगी या किसी तरह के बदलाव या फिर वर्तमान भाजपा सहित नेतृत्व पर अंकुश लगाया जाएगा। ऐसा कुछ जून 2024 से जनवरी 2025 तक नजर नहीं आया है। इस प्रसंग में भाजपा पर अभी तक कोई असर होता नजर नहीं आया है, उल्टे संघ शांत भी रहा, प्रतिक्रिया विहीन भी।



**चन्द्रमोहन भगत**

मतलब पहले संघ की ओर से संजय जोशी, वसुंधरा राजे जैसे नाम उछाले जा रहे थे, इनका उछलना भी बंद हो गया। इसके विपरीत भाजपा के अनुषांगिक संगठनों से ही संघ प्रमुख को निशाना बनाया जाने लगा और अब भाजपा में ऐसा वातावरण बन गया है। जैसे राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम पर संघ बैक फुट पर नजर आ रहा है और भाजपा नेतृत्व जिसे चाहे उसे ही बनाने के लिए निश्चित नजर आ रहा है। हो सकता है जब तक हुकुम मानने वाला नया नाम ना मिल जाए नड्डा का ही कार्यकाल बढ़ाते रहेंगे। इस तरह के हालातो में भी भाजपा ने दिल्ली राज्य को जीत कर सभी को चौंका दिया है। इस जीत के बाद डबल इंजन नेतृत्व का प्रभाव और अधिक बढ़ जाएगा। ऐसे में संभव है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की पर्ची डबल इंजन नागपुर भेजें और नए अध्यक्ष की घोषणा वहीं से हो!

नई भाजपा में ऐसा परिवर्तन नजर आ रहा है। जबकि, कांग्रेस के वर्तमान सुप्रीमो राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मिलकर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियो पर नियंत्रण साधने के लिए और बेकाबू पदाधिकारी तथा भीतरघातियों को छांट कर बाहर कर नया समर्पित कार्यकर्ताओं का संगठन बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। बीते 20 सालों में केंद्र से लेकर राज्यों में सत्ता हाथ से निकल जाने के बाद जब लगा कि भाजपा ने देश के अधिकांश राज्य और केंद्र में तीसरी बार सरकार बना ली है। तब कांग्रेस में यह जागृति आई है कि संगठन को बदलाव की जरूरत है और पदाधिकारी पर नियंत्रण रखने वाले और जिम्मेदारी तय करने वाले तंत्र की भी आवश्यकता है। जैसे भाजपा के साथ संघ रहा है, जाहिर है कि कांग्रेस हाई कमान के लिए ऐसा करना बहुत कठिन काम है। बीजेपी जनसंघ के समय से जब सत्ता में नहीं आ पाती थी, तब भी जितने भी सीमित कार्यकर्ता थे, सभी अनुशासित रहते थे और आज जब... **शेष पेज 4 पर**

## जनपद साधारण सभा की बैठक 21 को

**नीमच, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जनपद पंचायत नीमच की साधारण सभा की बैठक 21 फरवरी 2025 को दोपहर 12.30 बजे जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा मदनलाल धनगर की अध्यक्षता में जनपद सभा भवन, (बीआरसी) नीमच पर किया गया है। बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की जावेगी। सभी जनपद सदस्यों और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया गया है।

**दिशा समिति की बैठक एक मार्च को**–जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक एक मार्च 2025 को प्रात:10 बजे कलेक्टर सभाकक्ष नीमच में सांसद श्री सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। अपर कलेक्टर विकास, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णंव ने दिशा समिति के सभी सदस्यों और जिला अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।



## पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दोना-पत्तल निर्माण कार्यशाला सम्पन्न

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी. एल. पाटीदार ने बताया की आज दिनांक 18 फरवरी 2025 को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, महाविद्यालय की इको क्लब यूनिट द्वारा पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत दोना-पत्तल निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं और स्थानीय समुदाय को पारंपरिक, पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों से अवगत कराना था, जिससे प्लास्टिक के उपयोग को कम किया जा सके और सतत विकास को बढ़ावा दिया जा सके।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को पलाश और केले के पत्तों से दोना-पत्तल बनाने की प्रक्रिया सिखाई गई। साथ ही, प्राकृतिक गोंद और प्रेस मशीन के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉक्टर उमा गगरानी ने कहा, 'स्थानीय संसाधनों का सही उपयोग करके हम न केवल पर्यावरण संरक्षण कर सकते हैं, बल्कि आजीविका के नए अवसर भी उत्पन्न कर सकते हैं।' ईको क्लब की संयोजक सुश्री नौरीन कुरैशी ने बताया कि यह पहल स्थानीय कारीगरों और विद्यार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए की गई है। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्राएं किरण प्रजापत, नेहा कुँवर, भावना पंवार, पायल साहू एवं कृष्णा साहू द्वारा दोने एवं पत्तल बनाने पर प्रशिक्षण दिया तथा समस्त छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं किट वितरित किए। कार्यशाला में 40 छात्राओं और समस्त प्राध्यापकों ने भाग लिया और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ. कविता बुंदेला सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने आभार माना। ईको क्लब भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगा ताकि समाज में पर्यावरणीय चेतना को बढ़ावा दिया जा सके।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला आज गरोठ में

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि, एक दिवसीय युवा संगम मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन 19 फरवरी को प्रात: 11:00 बजे शासकीय एस. एन. उदिया महाविद्यालय गरोठ के परिसर में किया जाएगा। बेरोजगार युवा रोजगार मेले का लाभ उठाए। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के विभिन्न नियोजको द्वारा आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया जाएगा। इसके साथ ही जिला रोजगार कार्यालय मंदसौर द्वारा आवेदकों की काउंसिलिंग कर केरियर मार्ग दर्शन व परामर्श दिया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ ही व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए लोन की प्रक्रिया को लेकर अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

### दस्तक अभियान का द्वितीय चरण प्रारम्भ

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंदसौर डॉ. चौहान द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि, वर्ष 2024-25 में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन आज 18 फरवरी से 18 मार्च 2025 के मध्य आयोजित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों का विटामिन ए अनुपूरण एवं माह से 5 वर्ष के चिन्हांकित एनीमिक बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोबिनचीमीटर द्वारा फॉलोअप जांच एवं प्रबंधन की सेवायें प्रदान की जायेगी। अभियान के दौरान मजरे, टोले, वन्य ग्राम, दूरस्थ गांवों, शहरी क्षेत्रों की मलीन बस्तियाँ, इंट भट्ठें और चलित जनसंख्या के लिए विशेष नियोजन का ध्यान रखा जायेगा।

## एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर में पुरस्कार वितरण सम्पन्न

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांधी चौराहा मंदसौर पर मिडिल की छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. योगेंद्र कुमार कोठारी संचालक अनुभव हॉस्पिटल मंदसौर ने अपने उद्बोधन में माता-पिता और गुरु का सम्मान करने एवं उनका अनुसरण करने की बात कही। प्राचार्य से श्री के सी सोलंकी ने भी छात्राओं को प्रकृति से जुडे रहने के लिए संदेश दिया।



छात्राओं को पुरस्कार में गमलों के साथ प्रधानाध्यापक श्री महेश त्रिवेदी द्वारा घर पर तैयार किए गए पौधे लगाकर छात्रों को प्रदान किए गए। पुरस्कृत छात्राओं के साथ ही अन्य सभी छात्राओं एवं स्टाफ को भी एक-एक पौधा प्रदान किया गया। पुरस्कार हेतु डा. योगेंद्र कोठारी, सुभाष इंग्लिश स्कूल, लोकमान्य तिलक स्कूल, दीनबंधु मा.वि., न्यू यूनिवर्सल स्कूल व स्कूल स्टाफ के श्रीमती दिवाकर एवं श्री महेश त्रिवेदी का भी योगदान रहा। इसके साथ ही गुरु गौतम मुनि जैन ब्लड बैंक एवं डायग्नोसिस सेंटर के द्वारा संस्था में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्टाफ के श्री गिरवर माली, श्री मनीष गुप्ता, श्रीमती शशिकला मेमोरिया, श्रीमती मेघा वप्ता, श्रीमती जया सोनी, मुनमुन जैन, आदि स्टाफ शिक्षकों रक्तदान कर सराहनीय कार्य किया। डा.योगेंद्र कोठारी ने स्टाफ सदस्यों का आभार प्रकट किया। प्राचार्य श्री के सी सोलंकी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान अध्यापक महेश त्रिवेदी ने किया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान 70 आवेदकों की समस्याएं सुनी

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 70 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुड़वाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायताआदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।



### मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के लिए आवेदन 21 तक करें

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा बताया गया कि मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के संबंध में वर्ष 2025-26 के लिये 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिये नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है। 25 एकल समूहों की 85 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के नवीनीकरण के आवदेन 21 फरवरी 2025 को सायं 06:00 बजे तक कर सकते है। लॉटरी के माध्यम से निष्पादित होने वाली मदिरा दुकानों के एकल समूहो के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला आबकारी कार्यालय सुशासन भवन, नवीन कलेक्टोरेट कार्यालय मंदसौर से प्राप्त की जा सकती है।

## दशपुर जागृति संगठन की मेहनत रंग लाई

### संगठन ने नपा को धन्यवाद पत्र के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा उनके व्यक्तित्व के अनुसार लगाने का मांग पत्र दिया



**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश का पहला क्रांतिकारियों के लिए समर्पित संगठन दशपुर जागृति संगठन के मंदसौर नगर को क्रांतिकारियों की नगरी बनाने के कडी में चौथा संकल्प नगर पालिका परिषद ने पूरा करते हुए अपनी परिषद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा लगाने के निर्णय को बहुमत से पारित किया व संगठन की मांग को महत्व दिया। इसको लेकर संगठन ने धन्यवाद पत्र राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर, नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर को वैदिक मत्रों के साथ पुष्प हारों के साथ स्वागत करते हुए दिया गया।

इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पौराणिक, संगठन संयोजक एडवोकेट सत्येंद्र सिंह सोम, संगठन संरक्षक एवं लक्ष्मीबाई प्रतिमा संरक्षक रविंद्र पांडे, संगठन परामर्शदाता सुनील बंसल, संगठन वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश विश्नोई के साथ ही मीडिया के प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, हिम्मत डांगी एवं संगठन के विशेष सलाहकार कन्हैयालाल सोनगरा, दशपुर जागृति संगठन के वरिष्ठ सदस्य एसपी सिंह की मौजूदगी में यह धन्यवाद पत्र प्रेषित किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंसीलाल गुर्जर ने कहा मंदसौर के लिए यह गौरवशाली पल शीघ्र देखने को मिलेगा। नगर की पहचान क्रांतिकारियों की नगरी से पहचानी जाएगी। इसमें संगठन के योगदान को ध्यान रखते हुए उनकी भावनाओं के अनुरूप कार्य होगा। नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा यह कार्य पूरी परिषद के सहयोग से संभव हुआ है। 40 ही पार्षदों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के लिये सहमति प्रदान की है। संगठन द्वारा एक विशेष कार्यक्रम में 40 ही पार्षदों को संगठन की क्रांतिकारी तस्वीर भेंट करते हुए उनका सम्मान किया जाएगा और संगठन की अंतिम मांग नगर में क्रांतिकारी चौराहा भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु के नाम पर अंतिम मांग के लिए भी परिषद को आने वाले समय में 40 से पार्षदों के समक्ष मांग पत्र दिया जाएगा। संगठन के इस सफलता में पूरे संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने 15 वर्षों र्से तन मन धन से जो सहयोग किया है उनमें सभी में हर्ष की लहरें है। यह जानकारी संगठन संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा दी गई।

## कलेक्टर ने 82 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए- 82 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, एसडीएम श्री संजीव साहू, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, श्री चंद्रसिह धार्वे एवं श्रीमती रश्मि श्रीवास्त व सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में चीताखेडा के दिव्यांग अनिल दमामी ने उपचार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। इस पर कलेक्टर ने मुख्यम चिकित्साए अधिकारी को निर्देश दिए, कि वे अनिल को पर्याप्त नि:शुल्क उपचार सहायता उपलब्ध करवाए। लुहारिया जाट के भेरूलाल गुर्जर ने शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने अतिक्रामक के विरूद्ध कार्यवाही कर, अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश तहसीलदार सिंगोली को दिए।

## सभी गांवों के फंटों पर प्रशासन स्पीड ब्रेकर तत्काल लगावें -राठौर

**मनासा, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। भाजपा नेता एवं नगर परिषद मनासा के वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर ने बताया की मनासा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक228 के सभी गांवों के फंटों पर स्पीड ब्रेकर तत्काल लगाए जाएं इस संबंध में बहुत बार प्रशासन को अवगत कराया है लेकिन प्रशासन द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया है जिससेकी मनासा के आसपास के गांवों के फंटों पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने से बहुत से घटनाएं एवं एक्सीडेंट हो रहे हैं।**



राठौर ने यें भी बताया की मनासा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक के 228 20 सें 30 फंटों के मौड पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण प्रतिदिन एक्सीडेंट की घटनाएं बढ़ रही है इन घटनाओं में बहुत से लोगों की मृत्यु हो चुकी है उसके बाद भी प्रशासन नहीं जगा है राठौर ने बताया की अधिकांश घंटे तो मनासा के आस पास ही है जहां पर प्रतिदिन घटनाएं घट रही है जिसके के हांसपुर फंटा दुरगपुरा फंटा शेषपुर फंटा,आंतरी माता फंटा,बरथुन फंटा,लोड़किया फंटा, महागढ फंटा, हाड़ी पिपलिया फंटा इन फंटों पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण लगातार हो रही घटनाएं इस समस्या की ओर कोई भी जवाब जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन के उच्च अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे कि आए दिन एक्सीडेंट घटनाएं बढ़ रही है राठौर ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जल्द से जल्द इन सभी फंटों के मौड पर अति आवश्यक रूप से तत्काल स्पीड ब्रेकर लगाया जाए जिससे कि एक्सीडेंट की घटनाएं कम होगी प्रशासन तत्काल रूप से इस मामले को संज्ञान में लेकर इस समस्या का समाधान करायें।

## नागर ब्राह्मण समाज के निर्वाचन सम्पन्न, पत्रकार नागर अध्यक्ष बने

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** हाटकेश्वर महादेव मंदिर पर नागर ब्राह्मण समाज मंदसौर क्षेत्र एवं श्री हाटकेश्वर नागर ब्राह्मण समाज धर्मशाला एवं छात्रावास लोक न्यास मंदसौर के प्रबंध कारिणी समिति के त्रैवार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी पंडित गोपालकृष्ण शर्मा एवं सहयोगी श्री बलवंत मोरे द्वारा घोषित निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव के पदों के निर्वाचन सम्पन्न करवाये गये जिसमें अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के पदों पर एक से अधिक प्रत्याशी होने से मतदान हुआ।



वहीं उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव के पदों पर सर्वानुमति से निर्वाचन सम्पन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार श्री बाबूलाल नागर नैनोरा एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री जमनाप्रसाद नागर शक्करखेड़ी, सचिव पद हेतु सतीश नागर एवं राजेन्द्र नागर अलावदाखेड़ी, कोषाध्यक्ष पद हेतु श्री धीरेन्द्र नागर मंदसौर एवं जयेश नागर मंदसौर, उपाध्यक्ष पद हेतु ओमप्रकाश नागर खड़ावदा एवं डॉ. राजेन्द्र नागर मंदसौर एवं संयुक्त सचिव पद के लिये युवा सक्रिय समाजसेवी डॉ. संजय नागर झिरकन द्वारा उम्मीदवारों के रूप में नाम निर्देशन पत्र जमा करवाये गये। जिसमें डॉ. राजेन्द्र नागर द्वारा नाम वापस लेने एवं डॉ. संजय नागर के एकमात्र उम्मीदवार होने से उपाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव के पदों पर निर्विरोध चुने गये तथा अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिये मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु बाबूलाल नागर व जमना प्रसाद नागर उम्मीदवार थे। सचिव पद हेतु सतीश नागर व राजेन्द्र नागर, कोषाध्यक्ष पद हेतु धीरेन्द्र नागर व जयेश नागर को उम्मीदवार थे। मतदान व मतगणना पश्चात् निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा द्वारा अध्यक्ष पद पर बाबूलाल नागर, सचिव पद पर सतीश नागर एवं कोषाध्यक्ष पद पर श्री धीरेन्द्र नागर को विजयी घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश नागर एवं सचिव पद पर डॉ. संजय नागर एवं संयुक्त सचिव पद पर निर्विरोध ओमप्रकाश नागर एवं डॉ. संजय नागर के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की जाकर निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा द्वारा सभी को विजयी होने पर प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी को मिलकर कार्य कर समाज को प्रगति करने हेतु मिलजूलकर कार्य करने का सुझाव दिया। निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करवाने पर श्री शर्मा का स्वागत के साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का एवं नवनिर्वाचित शामगढ़ इकाई के अध्यक्ष सुरेश नागर, वर्तमान अध्यक्ष रमेशचन्द्र नागर दलौदा ट्रस्टीगण उपस्थित सदस्यों भागीरथ नागर, कमलकुमार मेहता, डॉ. राजेन्द्र नागर, गोविन्दप्रसाद नागर, आशीष व्यास, बालाराम नागर उदपुरा, जगदीश नागर, म.प्र. नागर महिला परिषद की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मुक्ति प्रवीण मेहता शामगढ़ इकाई के नये निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश नागर, वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती कलाबेन नागर, प्रवीण नागर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश नागर दलौदा, महेश नागर नाटाराम, विवेक नागर, योगेन्द्र नागर, दिनेश नागर द्वारा स्वागत कर बधाई दी। श्री रमेश नागर द्वारा निर्वाचन अधिकारी एवं समस्त न्यासीगण एवं समाज बन्धुओं द्वारा दिये गये सहयोग हेतु आभार व्यक्त करते हुए समाजजनों से सहयोग करने का सभी से आग्रह किया गया। ये जानकारी सतीश नागर द्वारा दी गई।



## रामलीला मंच से कलाकारों ने मोहा मन

**मनासा, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** रामलीला के प्रथम दिन मंच से कलाकारों ने नारद मोह प्रसंग का मंचन किया। मंच से कलाकारों ने नारद जी का भगवान विष्णु से अपने समान रूप मांगना, राजा सीलनिधि की पुत्री विश्व मोहिनी के साथ विवाह करने का प्रस्ताव रखना, भगवान द्वारा नारद जी को बंदर का रूप देना, बंदर का रूप मिलने पर नारद जी द्वारा भगवान को श्राप देने वाले प्रसंगों का चरित्र चित्रण किया गया।

उल्लेखनीय हो कि गांव नलखेड़ा में गांव की श्रीशिव शक्ति रामलीला मंडल द्वारा लगातार पांचवें वर्ष हाथरस पर आधारित 14 दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जा रहा। रामलीला में गांव के युवा कलाकारों द्वारा भगवान राम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों का सजीव चरित्र चित्रण अभिनय के माध्यम से किया जा रहा। प्रथम दिन कल-कलाकारों ने नारद मोह प्रसंग का सजीव चरित्र चित्रण किया। नारद का अभिनय करने वाले बंटी शर्मा ने जनता को खुब आनंदित किया। प्रथम दिन इन्द्र का अभिनय भगवती प्रसाद कारपेंटर, कामदेव भरत कारपेंटर, विष्णु शुभम शर्मा, शिव पंकज मोड, विश्व मोहिनी भरत कनेरिया, राजा सीलनिधि चन्द्र प्रकाश मोदी, शिवगण कमलेश राठोर व कमलेश शर्मा ने किया। अतिथि पुर्व सरपंच सुरज मल पाटीदार, रमेशचन्द्र शर्मा व उप सरपंच लवकुश राठोर उपस्थित थे।

## प्रेम और उसकी अभिव्यक्ति बाजारवाद का शिकार...

### पत्र संपादक के नाम
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वेलेंटाइन डे एक ऐसा दिन जिसके बारे में कुछ वर्षों पहले तक हमारे देश में बहुत ही कम लोग जानते थे आज इस दिन की प्रतिक्षा करने वाला एक अच्छा खासा वर्ग हे। अगर आप सोच रहे हे कि केवल इसे चाहने वाला युवा वर्ग ही इस दिन की प्रतिक्षा विशेष रूप से करता हे तो आप गलत हे क्योंकि इसका विरोध करने वाले भी इस दिन की प्रतिक्षा उतनी ही बेसब्री से करते हे। इसके अलावा आज के भौतिकवादी युग में जब हर मौके और हर भावना का बाजारीकरण हो गया हो ऐसे दौर में गिफ्ट्स टेडी बियर, चाकलेट और फूलो का बाजार भी इस दिन की प्रतिक्षा उतनी ही व्याकुलता से करता हे। आज प्रेम आपके दिल और उसकी भावनाओ तक सीमित रहने वाला केवल आपका एक निजी मामला नही रह गया हे। उपभोगतावाद और बाजारवाद के इस दौर में प्रेम और उसकी अभिव्यक्ति दोनो ही बाजारवाद का शिकार हो गए हे। आज प्रेम छुपकर करने वाली चीज नही हे फेसबुक, इंस्टाग्राम पर शेयर करने वाली चीज हे। आज प्रेम वह नही हे जो निस्वार्थ होता हे और बदले में कुछ नही चाहता बल्कि आज प्रेम वह हे जो त्याग नही अधिकार मांगता हे। क्योंकि आज मल्टीनेशनल कंपनीया बड़ी चालाकी से हमे यह समझाने में सफल हो गई है कि प्रेम को तो महंगे उपहार देकर जताया जाता हे। वे हमे करोड़ो के विज्ञापन से यह बात समझाकर अरबो रुपए कमाने में कामयाब हो गई हे। यानी आप किसी से प्रेम करते हे तो जताइए और वेलेंटाइन डे इसके लिए सबसे अच्छा दिन हे। यह वाकई में खेद का विषय हे कि राधा और मीरा के देश में जहां प्रेम की परिभाषा एक अलौकिक अनुभूति के साथ प्रारंभ होकर समर्पण और भक्ति पर समाप्त होती थी आज उस देश में प्रेम की अभिव्यक्ति उपहारो और बाजारवाद की मोहताज होकर रह गई हे। उससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण यह हे कि एक समाज के रूप में पश्चिमी अंधानुकरण के चलते हम विषय की गहराई में उतर कर चीजो को समझकर उसे भारतीय परिपेक्ष्य में उसकी उपयोगिता नही देखते। सामाजिक परिपक्वता दिखाने के स्थान पर कथित आधुनिकता के नाम पर बाजारवाद का शिकार होकर अपनी मानसिक गुलामी ही प्रदर्शित कर रहे हे। यहां यह समझना भी जरूरी हे कि मुख्य विषय वेलेंटाइन डे के विरोध या समर्थन का नही हे बल्कि किसी दिन या त्यौहार को मनाने के महत्व का हे। किसी भी त्योहार को मनाने या किसी संस्कृति की अपनाने में कोई बुराई नही हे किंतु ऐसे किसी भी कार्य को करने से पहले इतना तो विचार कर ही लेना चाहिए कि इसका औचित्य क्या हे ? कहा जाता हे की यह प्यार जताने का दिन हे। ऐसे लोगो के लिए एक तथ्य हे भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश को प्यार जताने के लिए विदेश से किसी दिन को आयात करने की आवश्यकता नही हे क्योंकि यह तो त्यौहारो का वह देश हे जहां अनेक पर्व विभिन्न रिश्तो में प्रेम प्रकट करने का एक सशक्त माध्यम हे और केवल मानवीय संबंध ही नही बल्कि प्रकृति के साथ भी अपने प्रेम और कृतज्ञता को प्रदर्शित करता हे। हमने केवल वेलेंटाइन डे नही अपनाया बाजारवाद और उपभोगतावाद भी अपना लिया। कुल मिलाकर कहा जा सकता हे कि हम विदेशी कंपनियों के हाथो की कठपुतली बनकर स्वयं अपनी संस्कृति के विनाशक बन जाते हे जब हम अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत को छोडकर प्यार जताने के लिए वेलेंटाइन डे जैसे दिनो को मनाते है।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

## टीम ने किया प्रायवेट आईटीआई का निरीक्षण

**नीमच, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** कौशल विकास संचालनालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार नोडल संस्था आईटीआई नीमच द्वारा निरीक्षण टीम का गठन कर नीमच जिले के प्रायवेट आईटीआई का निरीक्षण किया गया। आई.टी.आई.नीमच की प्राचार्य श्रीमती कमला चौहान ने बताया, कि

**ज्ञानोदय एक्सीलेंस प्रायवेट आईटीआई सुवाखेडा:-** 10 फरवरी 2025 को निरीक्षण टीम द्वारा जिले की समस्त प्रायवेट आईटीआई का निरीक्षण किया गया। जिसमें सुवाखेडा स्थित ज्ञानोदय एक्सीलेंस प्रायवेट आईटीआई में टीम द्वारा निरीक्षण किया गया था। उस दौरान वह बंद पाई गई तथा बाद में दूरभाष द्वारा सम्पर्क करने पर संबंधित कर्मचारी वहॉ आए और उनके द्वारा भौतिक निरीक्षण करवाया गया उसमें भी कमीयॉ पाई गई निरीक्षण के दौरान पता चला कि वहाँ पॉलीटेक्निक एवं आईटीआई की संयुक्त रुप से एक ही बिल्डिंग में थ्योरी एवं प्रेक्टिकल कक्षाओं का संचालन किया जाता है। संस्था में प्रवेशित 67 प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति शून्य थी तथा ट्रेनिंग के लिए औजार उपकरण में कमी पाई गई। संस्था में पढाने के लिए स्टाफ की कमी पाई गई। चूंकि संस्था में सिनियर एवं जूनियर (इलेक्ट्रीशियन) व्यवसाय संचालित है। संचालित ट्रेनिंग बेच के अनुसार स्टाफ नही पाया गया। जो कमीया है उसे पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया है।

**ज्ञानोदय प्रायवेट आईटीआई कनावटी:-** निरीक्षण 10 फरवरी 2025 निरीक्षण के दौरान आईटीआई चालू स्थिति में पाई गई। औजार उपकरण संस्था में संचालित फिटर, इलेक्ट्री शियन दोनो ट्रेड में 100 प्रतिशत पाये गए। चूंकि वहा प्रशिक्षणार्थियों की पंजीकृत संख्या 85 है, जिसमें इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में मात्र 03 बच्चे एवं फिटर में मात्र 02 बच्चो की उपस्थिति पाई गई। संस्था में ईडी कक्ष नही है। थ्योरी कक्ष में भी कई जगह मरम्मत की आवश्यकता है। जो कमीया है उसे पूरा करने के लिए निर्देशित किया गया है।

**ज्ञानोदय प्रायवेट आईटीआई सांडिया मनासा:-** निरीक्षण 11 फरवरी 2025 संस्था में साफ-सफाई, क्लास रुम, लैब की उपस्थिति कैम्पस का आवरण अच्छा पाया गया। स्टाफ की उपलब्धता (शैक्षणिक/कार्यालयीन) प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति आवरण एवं अनुशासन प्रशिक्षण अधिकारियों एवं लिपकीय स्टाफ द्वारा दस्तावेजो का संधारण का स्थिति, बाथरुम (महिला/पुरुष) रैंप एवं पेय व्यवस्था एवं बिल्डिंग की स्थिति, पहुच मार्ग, परिवहन की व्यवस्था औसत रेटिंग पाई गई, एवं उपस्थिति हेतु बायोमेट्रिक की सुविधा (स्टाफ/प्रशिक्षणार्थी) एवं उपस्थिति पंजी का संधारण नवाचार स्थिति निराशाजनक पाई गई। जो कमिया है उसे पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**महाकाल प्रायवेट आईटीआई मनासा:-** निरीक्षण 10 फरवरी 2025 संस्था के प्राचार्य द्वारा अवगत कराया गया है की सत्र 2024-25 में संस्था को अस्थाई रुप से बंद किया गया है।

**मनासा प्रायवेट आईटीआई मनासा:-** निरीक्षण 10 फरवरी 2025 संस्था में भवन रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है प्राचार्य के अनुसार संस्था एक माह से अस्थाई रुप से बंद है। वर्तमान में निरीक्षण योग्य नही पाई गई है।

**विद्या प्रायवेट आईटीआई रतनगढ:-** निरीक्षण 13 फरवरी 2025 बिजली बिल आईटीआई के नाम की जगह संचालन समिति के नाम से है। नाम परिवर्तन हेतु निर्देशित किया गया है। संस्था में औजार उपकरण एवं मशीनरी की उपब्धता पूर्ण पाई गई प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति बढाने के लिए निर्देशित किया गया है तथा अन्य जो कमिया पाई गई है उसे पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**आर.आर.एम.प्रायवेट आईटीआई भाटखेडा-** निरीक्षण 11 फरवरी 2025 को संस्था में स्टाफ की कमी पाई गई तथा औजार उपकरण एवं मशीनरी की स्थिति में कोई कमी नही पाई गई। तथा जो अन्य कमीया थी उन्हे पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। उक्तक जानकारी आई.टी.आई प्राचार्य श्रीमती कमला चौहान द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 16 | 2210 | 2450 |
| उडद | 18 | 4899 | 6590 |
| सोयाबीन | 3833 | 3730 | 4165 |
| गैहु | 2076 | 2990 | 3240 |
| चना | 120 | 4930 | 5579 |
| मसुर | 171 | 5351 | 6138 |
| धनिया | 8940 | 4861 | 6966 |
| लहसुन | 20000 | 4200 | 8000 |
| मैथी | 695 | 3500 | 6100 |
| मुंगफली | 1116 | 39001 | 5091 |
| अलसी | 1530 | 5541 | 5921 |
| सरसो | 1504 | 5350 | 5430 |
| तारामीरा | 4 | 4021 | 4100 |
| इसबगोल | 65 | 9000 | 11700 |
| प्याज | 1687 | 9801 | 2701 |
| कलोंजी | 1 | 13801 | 13801 |
| तुलसी बीज | 4 | 12716 | 12716 |
| डॉलर | 12 | 5000 | 7800 |
| तिल्ली | 2 | 7700 | 8102 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 1 | 4400 | 4400 |
| असालीया | 460 | 5801 | 7100 |
| चियाबीज | 42 | 1100 | 112900 |

# राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य देश की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर-मुख्यमंत्री

## वन्य जीव पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है मध्यप्रदेश, घड़ियालों के अलावा चंबल नदी में डॉल्फिन के भी पुनर्वास की है प्रबल संभावना

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश वन्य जीव पर्यटन का एक वैश्विक केंद्र बनकर उभर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुरैना क्षेत्र में पर्यटन को विकसित करने के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने भविष्य में माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिलाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि हम मध्यप्रदेश के वनों में सभी प्रकार के वन्य जीवों के संरक्षण के लिए सक्षम हैं और इस दिशा में हमारे प्रयास जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना स्थित देवरी घड़ियाल केंद्र से चंबल नदी में 10 घड़ियालों (9 मादा और 1 नर) को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ने के पश्चात मीडिया से चर्चा में यह महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर



उनके साथ बोट पर विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चम्बल अभ्यारण्य हमारे देश की प्राकृतिक संपदा है। यहां दुर्लभ प्रकार की प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है। बदलते हुये जलवायु के दुष्परिणामों के कारण इन प्रजातियों को नुकसान पहुंच रहा है। मध्यप्रदेश हमेशा से जैव विविधता के लिये महत्वपूर्ण प्रजातियों के संवर्धन एवं संरक्षण के लिये तत्पर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना जिले में स्थित राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभयारण्य का भ्रमण किया तथा अभयारण्य की व्यवस्थाओं एवं यहां पर्यटकों के लिए उपलबध सुविधाओं का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घड़ियालों को नजदीक से देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चंबल सफारी का भ्रमण किया गया एवं घड़ियाल संरक्षण के बारे में वन विभाग से जानकारी ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश में वन पर्यटन की अनंत संभावनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि चंबल क्षेत्र सहित संपूर्ण प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को बढ़ावा मिले, इसके लिए सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर कार्य कर रही है। चंबल अभयारण्य में सिर्फ घड़ियाल ही नहीं, डॉल्फिन के भी पुनर्वास की प्रबल संभावना है। वन विभाग के माध्यम से इस दिशा में भी काम जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विभाग के अधिकारियों एवं घड़ियाल अभयारण्य के कर्मचारियों से घड़ियालों के पालन-पोषण एवं इनके संरक्षण से जुडी महत्वपूर्ण जानकारियां लीं। वन विभाग के अधिकारियों के हवाले से मुख्यमंत्री ने बताया कि आज चंबल नदी में छोड़े गए घड़ियालों को वर्ष 2022 में अंडों के रूप में संरक्षित किया गया था। समुचित देखभाल और अनुकूल वातावरण में इन अंडों से घड़ियाल के बचे निकले। घड़ियाल के अंडों को कृत्रिम तापमान देकर इनके लिंग का निर्धारण किया गया।

भारत ही नहीं, पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। दुनियाभर में करीब 3000 घड़ियाल हैं। इनमें से 85 प्रतिशत सिर्फ चंबल नदी में हैं। मध्यप्रदेश में वर्ष-1978 में चंबल नदी के इस प्रक्षेत्र को वन्य-जीव अभयारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य मुरैना में सन् 1981 से घड़ियाल ग्रो एण्ड रिलीज प्रोग्राम शुरु किया गया था। तब चंबल नदी में घड़ियाल की संख्या 100 से कम थी। उक्त प्रोग्राम से घड़ियाल पुनर्वास केंद्र देवरी पर प्रति वर्ष चंबल नदी से दो सौ अंडे लाकर देवरी केंद्र में घड़ियाल के शावकों को पालकर 120 सेंटीमीटर का होने पर प्राकृतिक आवास में छोड दिया जाता हैं। मुरैना वन विभाग के अनुसार चंबल अभयारण्य में प्रति वर्ष जलीय जीवों का सर्वेक्षण माह फरवरी में किया जाता हैं। वर्ष 2024 की गणना में चंबल अभयारण्य में कुल 2456 घड़ियाल पाये गये थे। घड़ियाल पुनर्वास केंद्र पर 2024 बैच के 70, 2023 बैच के 95, 2022 बैच के 85, 2021 बैच के 38 इस तरह कुल 288 घड़ियाल थे। इस वर्ष 108 घड़ियाल चंबल में छोड़ने की अनुमति वन विभाग को प्राप्त हुई है। जिनमें से 13 जनवरी 2025 को 4 नर, 21 मादा कुल 25, 19 जनवरी 2025 को 2 नर, 30 मादा कुल 32, 29 जनवरी 2025 को 10 नर, 11 मादा कुल 21, 6 फरवरी 2025 को 12 नर, 8 मादा कुल 20, इस वर्ष अभी तक 98 घड़ियाल रिलीज किए जा चुके हैं।



# ध्वनि प्रदूषण संयंत्रों का उपयोग न करें, ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए घातक एवं परीक्षा के लिए बाधक है-अपर कलेक्टर

## आगामी सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाए

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी दिनों में आने वाले पर्वो महाशिवरात्रि, रमजान माह प्रारम्भ, होली (हालिका दहन), नाहर सैय्यद राष्ट्रीय एकता मेला, होली (धुलेंडी), रंग पंचमी, ईद-उल-फीतर, महावीर जयंति, हनुमान जयंति, डॉ. अंबेडकर जयंति, गुड फ्रायडे, परशुराम जयंति इत्यादि पर्वों पर्र की जाने वाले शांति व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान सभी समाज जनों से आग्रह किया गया की आगामी सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाए।

बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने सभी समाजजनों से आग्रह किया कि, आगामी समय में ध्वनि विस्तारक संयंत्र का उपयोग न करें। ध्वनि विस्तारक संयंत्र स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक हैं। इसके साथ स्कूली बच्चों की परीक्षाओं का समय है, इससे परीक्षाओं में व्यवधान उत्पन्न होता है। बच्चों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न होता है। सभी लोग अपने समाज के लोगों से अपील करें। इसके साथ ही अगर कोई व्यक्ति डीजे का उपयोग करते हुए पाया जाता है तो डीजे जप्त करने के साथ ही, एफआईआर दर्ज होगी एवं आर्थिक दंड की कार्यवाही होगी। बैठक के दौरान प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री गौतम सिंह सोलंकी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, सीएसपी मंदसौर, मंदसौर एसडीम सहित शांति समिति के सदस्य, पत्रकार मौजूद थे। बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि सोशल मीडिया पर बिना देखे बिना, समझे, बिना पुष्टि किए कोई भी तथ्य फॉरवर्ड ना करें। उस तथ्य के संबंध में संबंधित अधिकारी से बात करें। इसके साथ ही बाहरी अफवाहों पर ध्यान न दें। समारोह, प्रदर्शन के दौरान आयोजन कर्ता वोलेंटियर की सूची उपलब्ध कराए। साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का विशेष रूप ध्यान रखें। एसडीआरएफ की टीम हमेशा अलर्ट रहे। एमपीईबी विभाग लाइट व्यवस्था को देखें। रास्तों पर तार झुके हुए न हो, उनको तुरंत ठीक करें। नगर पालिका निराश्रित मवेशियों को गौशाला में छोड़ने का कार्य लगातार चलने दे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सा दल को अलर्ट रखे, एंबुलेंस को तैयार रखे।

# बड़े अस्पताल में जटिल सर्जरी

## डॉक्टरों ने की मेहनत, एक साल से महिला थी परेशान

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के संबंधित इन्दिरा गांधी चिकित्सालय में अधिष्ठाता डॉ शशि गांधी तथा सिविल सर्जन / प्रभारी अधीक्षक डॉ डीके शर्मा के मार्गदर्शन में बड़े अस्पताल के इतिहास में पहली बार एक जटिल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी ,सर्जरी विभाग द्वारा की गई।**



25 वर्षीय महिला पायलॉ निडल साइनस नाम की बीमारी से 1 वर्ष से परेशान थी। कई जगह इलाज करवाने के बाद बीमारी में कोई राहत न पाते हुए मरीज ने सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंधित इंदिरा गांधी चिकित्सालय के डॉक्टरों पर भरोसा जताया। जहां जांच के उपरांत मरीज को ऑपरेशन की सलाह दी गई। इस ऑपरेशन जिसका नाम लिंबर्ग फ्लैप रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी है, के लिए काफी सारे सामान की आवश्यकता होती है। जिसकी व्यवस्था सर्जरी विभाग द्वारा स्वयं करी गई। ऑपरेशन के बाद मरीज अब स्वस्थ है एवं ऑपरेशन में शामिल डॉक्टर्स डॉ ईशांत कुमार चौरसिया सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, डॉ सिद्धार्थ शिंदे सर्जिकल स्पेशलिस्ट, डॉ अजय पाटीदार सहायक प्राध्यापक एवं बेहोशी विभाग के स्पेशलिस्ट डॉ डीके पिपल एवं डॉ पीसी आर्य को धन्यवाद जताती है। ज्ञात हो कि इस तरह के ऑपरेशन में प्राइवेट अस्पतालों में एक से डेढ़ लाख का खर्चा आता है , परंतु इस मरीज का ऑपरेशन बड़े अस्पताल में निशुल्क हो गया।

## मप्र उच्च शिक्षा गुणवत्ता प्रबंधन के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्पन्न

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता प्रबंधन के अंतर्गत दिनांक 18.02.2025 को महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सामान्य ज्ञान परीक्षा/ प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 12.00 बजे किया गया। आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. जे.एस. दुबे के सफल मार्गदर्शन एवं कम्प्यूटर संकाय के प्रमुख डॉ. आर.सी. डाड के कुशल नेतृत्व में किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लक्ष्मी मेंहरु पिता जगदीश, द्वितीय स्थान पर परी मादलिया पिता ज्ञानचंद्र तथा तृतीय स्थान पर मोहित कुमार पिता कारुलाल रहे। इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के प्रो. नरेन्द्र बंधवार, प्रो. सी.पी. आडवाणी, प्रो. मनीष सोनी, प्रो. मनीष तिवारी, प्रो. उष्मिता सोनी, प्रो. रविन्द्र रामावत, प्रो. गौरव सोनी, श्री अशफाक हुसैन, श्री भीमसिंह चौहान एवं श्री धनराज चनाल उपस्थित रहे।

# रतलाम-नीमच के बीच ब्लॉक

## उज्जैन-चित्तौड़गढ़ मेमू 21 तक रतलाम से आगे नहीं जाएगी, आज सीआरएस जांचेंगे ट्रैक की क्षमता

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वेस्टर्न रेलवे रतलाम रेल मंडल के नीमच-रतलाम सेक्शन के बीच ब्रॉडगेज (डबलिंग) लाइन का कार्य अंतिम दौर में चल रहा है। वेस्टर्न रेलवे के कमिश्नर ऑफ सेफ्टी (सीआरएस) 19 फरवरी को इस सेक्शन का इंस्पेक्शन करेंगे। ब्रॉडगेज रेल लाइन के तहत निर्माण कार्य व सीआरएस के इंस्पेक्शन को लेकर रेलवे ने हर्कियाखाल से मल्हारगढ़ के बीच ब्लॉक लिया है। इस कारण ट्रेनें शार्ट टर्मिनेट व ओरिजिनेट की जाएगी। जिसके कारण कई ट्रेनें प्रभावित होंगी। हर्कियाखाल से मल्हारगढ के बीच 13 किलोमीटर सेक्शन का डबलिंग कार्य पूरा हो गया है। इन नवीन डबलिंग रेल सेक्शन का इंस्पेक्शन एवं स्पीड ट्रायल रेल संरक्षा आयुक्त पश्चिम परिमंडल मनोज अरोड़ा 19 फरवरी को जांचेंगे। स्पीड ट्रायल के दौरान फास्ट स्पीड से ट्रेन चलाकर ट्रैक की क्षमता जांची जाएगी।

### ब्लॉक के कारण यह ट्रेनें होगी प्रभावित...

✻ गाड़ी संख्या 69231 उज्जैन चित्तौड़गढ़ मेमू 21 फरवरी तक रतलाम स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। रतलाम से चित्तौड़गढ़ के बीच कैंसिल रहेगी। ✻ गाड़ी संख्या 69232 चिड़तौड़गढ़ उज्जैन मेमू रतलाम से 21 फरवरी तक शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। चित्तौड़गढ़ से रतलाम के बीच कैंसिल रहेगी। ✻ 18 एवं 19 फरवरी को उदयपुर सिटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 59836 उदयपुर सिटी मंदसौर पैसेंजर नीमच स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। नीमच-मंदसौर के बीच कैंसिल रहेगी। ✻ 18 एवं 19 फरवरी को मंदसौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 59834 मंदसौर कोटा पैसेंजर नीमच स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। मंदसौर से नीमच के बीच कैंसिल रहेगी। ✻ 18 फरवरी को कोटा से चलने वाली गाड़ी संख्या 59833 कोटा मंदसौर पैसेंजर नीमच स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। नीमच-मंदसौर के बीच कैंसिल रहेगी। ✻ 19 फरवरी को मंदसौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 59835 मंदसौर उदयपुर सिटी पैसेंजर नीमच स्टेशन से चलेगी। मंदसौर-नीमच के बीच कैंसिल रहेगी।

# मप्र शिक्षक संघ के निर्वाचन संपन्न

## जिलाध्यक्ष विक्रम शर्मा, सचिव भरतलाल पपोंडिया मनोनीत



**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी के चुनाव निर्वाचन अधिकारी श्री राधेश्याम शर्मा और पर्यवेक्षक श्री सर्वेश कुमार माथुर और प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री विनोद कुमार पुनी, प्रांतीय शिक्षक सम्मान प्रकोष्ठ आयाम प्रमुख अखिलेश मेहता, जिला संगठन मंत्री श्री विक्रम सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न हुए। जिसमें जिला अध्यक्ष विक्रम शर्मा, सचिव भरत लाल पपोंडिया, कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर, उपाध्यक्ष मनीष बैरागी, रामगोपाल सालित्रा, रतनलाल चौहान, गुमानसिंह राठौर, कविता सोनी, सुलोचना द्विवेदी, उप सचिव शंकरलाल व्यास, सुखलाल दानेश्वर, जगदीश चंद्र गहलोत, अनिल पाटीदार, किरण खुराना, ज्योति जैन निर्वाचित हुए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य ज़ुझारलाल चौहान, बृजपालसिंह सिसोदिया, गणपतलाल राठौर, हरिसिंह राठौर, भागीरथ रावत, सिमरन दाहना, प्रांजल डाले, संतोष शर्मा, दशरथ पाटीदार, दुर्गालाल धाकड़ निर्वाचित हुए। साधारण सभा के पश्चात निवृर्तमान इकाई के श्री नरेन्द्र शर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष, श्री शंकरलाल आंजना पूर्व जिला सचिव व श्री अनोखीलाल नलवाया पूर्व जिला कोषाध्यक्ष का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन श्री शंकरलाल आंजना ने माना।

# मेडिकल टीचर्स एसो. द्वारा कल से किया जाएगा चरणबद्ध आंदोलन



**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 18.02.2025 को मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन मंदसौर द्वारा प्रभारी अधिष्ठाता, सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय मंदसौर को 20 फरवरी 2025 से मांगों को लेकर शुरू होने चरणबद्ध आंदोलन के संबंध ज्ञापन सौंपा गया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन एवं सचिव डॉ. ईशांत चौरसिया ने बताया कि म.प्र. शासकीय-स्वशासी चिकित्सक महासंघ लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, गृह विभाग एवं गैस राहत विभाग में कार्यरत 15,000 चिकित्सकों एवं जूनियर डॉक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता हैं। चिकित्सक महासंघ की कार्यकारिणी समिति की 16 फरवरी 2025 को आयोजित बैठक में 7 घटक संगठनों के प्रदेश स्तर, संभाग स्तर एवं जिले स्तर के उपस्थित 150 चिकित्सकों ने सर्वसम्मति से दिनांक 20 फरवरी 2025 से प्रदेशव्यापी आंदोलन प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया हैं। उक्त अनुक्रम में इस संस्था में कार्यरत शासकीय चिकित्सक महासंघ के चिकित्सकों की 18 फरवरी मंगलवार को आयोजित पल्स जीबीएम/ सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से चिकित्सक महासंघ की कार्यकारिणी समिति के निर्णय के अनुसरण में निम्नानुसार क्रमबद्ध आन्दोलन प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया गया हैं जिसके अंतर्गत 20 एवं 21 फरवरी को काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 22 फरवरी को आधे घंटे कार्यस्थल के बाहर टोकन विरोध प्रदर्शन (इमरजेंसी सेवा चालू रहेगी)। साथ ही चिन्हित अस्पतालों पर अमानक दवाइयां की सांकेतिक होली जलाई जाएगी। 24 फरवरी को प्रदेशव्यापी सामूहिक उपवास कर अन्न त्याग के साथ 01 घंटे कार्यस्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन (इमरजेंसी सेवा चालू रहेगी)। 25 फरवरी से प्रदेशव्यापी प्रशासनिक असहयोग आंदोलन किया जाएगा।

# जिले के अधिवक्ता कल कार्य से विरत रहेंगे

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला अभिभाषक संघ अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 में प्रस्तावित बदलावों का पुरजोर विरोध करता है। इस विधेयक में कई ऐसे प्रावधान शामिल किए गए हैं, जो अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन करते हैं और उनके स्वतंत्र कार्य करने की क्षमता को बाधित करते हैं। यह विधेयक अधिवक्ताओं के हितों पर कुठाराघात करने वाला है तथा उनके कार्यों पर्र अनावश्यक नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करता है।

**एक दिवसीय कार्य बहिष्कार एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शन**–जिला भाभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह पँवार ने बताया कि मन्दसौर जिला अभिभाषक संघ ने निर्णय लिया है कि दिनांक 20 फरवरी 2025 को एक दिवसीय कार्य से विरत् रह कर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से यह मांग की जाएगी कि प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को तुरंत वापस लिया जाए। हम न्यायपालिका और सरकार से अनुरोध करते हैं कि अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा की जाए और इस विधेयक के दुष्परिणामों को ध्यान में रखते हुए इसे रद्द किया जाए। जिला अभिभाषक संघ, मन्दसौर संशोधन विधेयक में अधिवक्ताओं के लिए कुछ प्रमुख आपत्तिजनक प्रावधान निम्नलिखित हैं:

**अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर आघात** – प्रस्तावित विधेयक में अधिवक्ताओं को हड़ताल या बहिष्कार करने से रोका गया है (धारा 35अ), जो अनुच्छेद 19 (अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है।3.

**अत्यधिक एवं अन्यायपूर्ण जुर्माना** – इस विधेयक में अधिवक्ताओं पर 3 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है (धारा 35), जिसे लागू करने की प्रक्रिया पक्षपातपूर्ण हो सकती है।5.

**झूठी शिकायतों के प्रति असंतुलित रवैया** – यदि कोई शिकायत झूठी पाई जाती है, तो शिकायतकर्ता पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, लेकिन यदि किसी अधिवक्ता पर झूठी शिकायत दर्ज की जाती है, तो उसके लिए कोई सुरक्षा प्रावधान नहीं है।

**अनावश्यक सत्यापन प्रक्रिया** – अधिवक्ताओं को अपने डिग्री, कार्यालय आदि का हर पाँच वर्षों में र्सत्यापन (ऑडिट) करवाना अनिवार्य किया गया है, जो अनावश्यक प्रशासनिक बोझ डालता है।

**बार काउंसिल ऑफ इंडिया को अनुचित अधिकार** – इस विधेयक के अनुसार, बार काउंसिल ऑफ इंडिया को किसी भी अधिवक्ता को तुरंत निलंबित करने का अधिकार दिया गया है (धारा 36), जिससे अधिवक्ताओं के अधिकारों का हनन होगा और यह प्रावधान दुरुपयोग को बढ़ावा देगा।

**विदेशी फर्मों पर्र नियंत्रण** – इस विधेयक के अंतर्गत विदेश में काम कर रहे भारतीय अधिवक्ताओं पर भी ये नियम लागू होंगे, जिससे उनकी स्वतंत्रता प्रभावित होगी।

**बिना प्राधिकरण के कानून का कार्य करने पर दंड** – बिना मान्यता प्राप्त योग्यता के किसी भी व्यक्ति को कानून का कार्य करने पर दंडित किया जाएगा, जो अधिवक्ताओं पर अनावश्यक दबाव बनाएगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह मंदसौर संसदीय क्षेत्र में दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे

**मंदसौर, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा



सांसद कांग्रेस के वरिष्ठनेता माननीय दिग्विजयसिंह जी दो दिवसीय प्रवास पर मंदसौर संसदीय क्षेत्र में पधार रहे हैं। माननीय राजा साहब दिनांक 20 फरवरी को उदयपुर से प्रस्थान कर रात्रि 8.30 बजे ग्राम करजू पहुंचेंगे जहां वरिष्ठ कांग्रेस नेता शंकरलाल जी अंजना के परिवार में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होंगे,वहां से रात्रि नीमच के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 21 फरवरी को नीमच जिले में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर भोपाल पधारेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन एवं शहर कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने दी है।

## भाजपा स्वतंत्र संगठन बनने... पेज 1 से जारी

शासन में है तब भी। कांग्रेस संगठन उज्ज्वल भविष्य के लिए पदाधिकारियों में परिवर्तन शुरू कर चुका है। पर अनुशासित कार्यकर्ता तैयार करने की दिशा में कोई काम नहीं हो रहा है। अत: पदाधिकारी को बदल देने से कार्यकर्ता अनुशासित हो जाएंगे या सभी में संगठन के प्रति समर्पण भाव पैदा हो जाएगा, यह कोरी कल्पना ही माना जा रहा है। जब तक कार्यकर्ताओं में अनुशासन नहीं लाया जाएगा, कांग्रेस का सत्ता पाना बहुत ही कठिन डगर है।

## ब्लड बैंक, दवा दुकान के लिए... पेज 1 से जारी

मंजूरी जरूरी होगी। दवा दुकान के लाइसेंस के पूर्व ड्रग्स विभाग के अधिकारी भौतिकी सत्यापन करेंगे। पड़ताल के बाद ही अधिकारी की अनुशंसा के बाद ऑनलाइन लाइसेंस मिलेगा। अधिकारियों के मुताबिक इस समय दवा दुकान से दवा की बिक्री सीधे रहती है। लेकिन, केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद दुकान पर सीधे केंद्र सरकार की नजर रहेगी। सरकार के पास देश में कुल दवा दुकान, किस दुकान से कौन से ड्रग की दवा की बिक्री हो रही है, किस कंपनी की दवा की बिक्री हो रही है, इसका डेटा रहेगा।

# रिक्त पदों वाली पंचायतों की मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी

**नीमच, 18 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राज्य निर्वाचन आयोग ने रिक्त पंचायतों के निर्वाचन के लिए रिक्त पदों की पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण 2025 हेतु मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। मतदाता सूची वर्ष 2023 का प्रारंभिक प्रकाशन कर दावे आपत्तियाँ प्राप्त किए जावेंगे। प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण कर परिवर्तन संशोधन एवं विलोपन की कार्यवाही की जावेगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार प्रारूप मतदाता सूची का ग्राम पंचायत एवं अन्य स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 20 फरवरी 2025 को किया जावेगा और 20 फरवरी से 25 फरवरी 2025 को शाम अपरान्ह 3 बजे तक दावे आपत्तियां प्राप्त कीजावेगी। प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण 28 फरवरी 2025 तक संबंधित रजिस्ट्री करण अधिकारी द्वारा किया जावेगा। दावे आपत्ति की चेकलिस्ट तैयार कर, चेकलिस्टर की जाँच कर त्रुटिसुधार उपरांत 4 मार्च 2025 को वेण्डर को वापिस की जावेगी। फोटोरहित अंतिम मतदाता सूची 4 मार्च 2025 को वेबसाईड पर अपलोड की जावेगी। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का संबंधित ग्राम पंचायत एवं अन्य स्थानों पर 6 मार्च 2025 को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सार्वजनिक प्रकाशन किया जावेगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मनासा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दांता की मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनासा को रजिस्ट्री करण अधिकारी एंव तहसीलदार मनासा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपर कलेक्टर नीमच को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

सेल्समेन की आवश्यकता

✻ अनुभवी पुरुष/महिला सेल्समेन की आवश्यकता है। ✻ अनुभवी मोबाईल रिपेरिंग वाले की आवश्यकता है।

✻ वेतन 5 अंको में ✻ योग्यता को प्राथमिकता

✻✻✻✻✻✻✻ संपर्क ✻✻✻✻✻✻✻

प्रदीप मोबाईल

दया मंदिर रोड़ मंदसौर

मोबाईल- 9893100778, 8319811988

## कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)

क्रमांक मंदसौर, दिनांक

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोटरसायकल क्रमांक एमपी 14 एमजे 1311 जो कि परिवहन कार्यालय मंदसौर में प्रहलाद कुमावत पिता मांगीलाल कुमावत तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु दिनांक 22.01.2022 को हो चुकी है इसलिए उक्त मोटर सायकल का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती कुशालबाई पति प्रहलाद निवासी सीतामऊ, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

श्री ज्ञान सागर हाई स्कूल सेमलिया हीरा

सक्षम और समर्पित एक शिक्षक की

आवश्यकता है

अच्छे अनुशासित और अनुभवी प्राचार्य की जरूरत है

श्री प्राइमरी से जूनियर हाई स्कूल तक

अंग्रेजी | हिंदी | गणित

और

कक्षा 12वी विज्ञान, गणित, कला और वाणिज्य के लिए

शिक्षित एवं प्रशिक्षित शिक्षक की आवश्यकता है

कक्षा 9वी से 12वी तक हिंदी और अंग्रेजी दोनो माध्यम उपलब्ध है

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड़िया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in